आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 22.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा– भारत का पुनर्निर्माण केवल देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के कल्याण के लिए आवश्यक है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में आयोजित समारोह में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में आज भारत सनातन चेतना के पुनर्जागरण के अमृतकाल का साक्षी बन रहा है।
- जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में सड़क दुर्घटना में 10 जवान शहीद हुए और 11 घायल हो गए।
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा देश की बेटियां राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

शताब्दी वर्ष समारोह

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत का पुनर्निर्माण केवल देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के कल्याण के लिए आवश्यक है।

हरिद्वार में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि अनेक महापुरुषों ने अपनी वाणी में यह विश्वास व्यक्त किया है कि जब भारत अपने पूर्ण तेज के साथ जागृत होगा, तब वह संपूर्ण विश्व और ब्रह्मांड को आलोकित करेगा।

उन्होंने कहा कि जो लोग सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और भारत के इतिहास को भली–भांति जानते हैं, उन्हें दृढ़ विश्वास है कि यदि विश्व की सभी समस्याओं का समाधान कहीं निहित है, तो वह भारतीय परंपरा में ही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरिद्वार एक पावन कुंभ क्षेत्र है, जिसे सप्त ऋषियों की तपस्या की भूमि के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिव्य धरा पर संतों ने अपने आत्मबल से स्वयं के साथ–साथ करोड़ों लोगों को अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज भारत अपनी गौरवशाली संस्कृति, ज्ञान और विज्ञान को नए स्वरूप में पुनः स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में आज भारत सनातन चेतना के पुनर्जागरण के अमृतकाल का साक्षी बन रहा है।

जवान शहीद

जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में हुए एक सड़क हादसे में भारतीय सेना के 10 जवान शहीद हो गए, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। यह हादसा भदेरवाह–चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर करीब 9 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित खानी टॉप के पास हुआ, जहां सेना का एक ट्रक फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दुखद हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। रक्षा मंत्री ने शहीद जवानों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में बेटियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

देश में लैंगिक असंतुलन और गिरते लिंगानुपात की गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना ने सरकार, नागरिक समाज, मीडिया और आम जनता को एक साथ जोड़ते हुए लैंगिक भेदभाव के खिलाफ एक व्यापक अभियान को मजबूती दी है।

इंटरनेशनल एक्रो फेस्टिवल

एरो स्पोर्ट्स टूरिज्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से टिहरी गढ़वाल स्थित टिहरी झील में इंटरनेशनल एक्रो फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। यह फेस्टिवल 27 से 30 जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें देश—विदेश से आए अनुभवी पायलट और एरो स्पोर्ट्स चैंपियन अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि चार दिवसीय इस प्रतियोगिता के लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।
उन्होंने कहा कि इस आयोजन से टिहरी की पर्यटन पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिलेगी, साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।
जिला पर्यटन अधिकारी सोबत राणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से टिहरी झील को एरो स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

सड़क स्वीकृत

पिथौरागढ़ जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चंडाक तक पहुंचने वाली सड़क को चौड़ा करने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए सड़क को डेढ़ लेन करने की स्वीकृति प्रदान की। इस सड़क के चौड़ी होने से चंडाक की यात्रा अधिक सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक हो सकेगी। वर्तमान में संकरी सड़क और गड्ढ़ों के कारण पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं बारिश और बर्फबारी के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।
प्रदेश सरकार में दर्जाधारी गणेश भंडारी ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे जिले के पर्यटन विकास के लिए अहम कदम बताया है।

नमूने सील

औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में दवा कारोबार की अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार मेडिकल स्टोरों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान एक प्रतिष्ठान पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उसे मौके पर ही चेतावनी जारी की गई। निरीक्षण में लाइसेंस की वैधता, पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति, दवाओं की खरीद—बिक्री की प्रक्रिया और सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की गहन पड़ताल की गई।